दिनांक-19.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी20 शिखर सम्मेलन में भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक मुहिम का किया समर्थन।
- वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे यूके और जर्मनी की यात्रा।
- विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आज से प्रदेश में जन जागरूकता कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू।
- प्रदेश में ठंड का असर तेज। भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर के लिए घने कोहरे का अलर्ट जारी।

प्रधानमंत्री भाषण जी-20

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य जी-20 ब्राजील शिखर सम्मेलन में ठीक वैसे ही प्रासंगिक है जैसा कि पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित शिखर सम्मेलन में था। रियो डी जनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन में ‘‘सामाजिक समावेश और भूख तथा गरीबी के खिलाफ लड़ाई’’ सत्र में अपनी टिप्पणी में श्री मोदी ने कहा कि नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान लिए गए जन केंद्रित निर्णयों को ब्राजील की अध्यक्षता में आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि ब्राजील की तरफ से भूख और गरीबी के खिलाफ वैश्विक मुहीम में भारत का समर्थन रहेगा। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के इतर ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, नॉर्वे, पुर्तगाल और इंडोनेशिया के नेताओं से मुलाक़ात कर आपसी संबंधों के बेहतर बनाने पर चर्चा की है।

मुख्यमंत्री यात्रा

प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देने और वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 से 30 नवंबर तक यूके और जर्मनी प्रवास पर रहेंगे। उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के साथ मुंबई, बैंगलुरु, कोयंबटूर और कोलकाता में 4 रोड-शो की अभूतपूर्व सफलता के बाद, यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के बीच मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने का एक अभूतपूर्व प्रयास है। उद्योग वर्ष 2025 के प्रदेश में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 दिवसीय इस विदेश यात्रा में यूके के लंदन, बर्मिंघम तथा जर्मनी के म्यूनिख और स्टटगार्ट का दौरा करेंगे। इन स्थानों पर वे प्रदेश में निवेश और औद्योगिक सहयोग के अवसरों को बढ़ाने के लिये औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे।

महाकौशल विज्ञान मेला-जबलपुर- सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में विज्ञान प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और इन क्षेत्रों से जुड़ी सेवाओं का नया हब बनकर देश में उभरेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में फार्मिंग से लेकर फायनेंस तक, मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर मेडिसिन तक, एजुकेशन से लेकर कम्यूनिकेशन तक विज्ञान का उपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कल जबलपुर में चार दिवसीय महाकौशल विज्ञान मेला और आरोग्य एक्सपो-2024 के समापन समारोह को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में साइबर सुरक्षा को प्रभावी बनाने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश कम्प्यूटर एमरजेंसी रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जबलपुर में 17 करोड़ से अधिक लागत से साइंस सेंटर की पहल हुई है वहीं उज्जैन में 230 करोड़ लागत से साइंस सिटी का निर्माण हो रहा है।

भीली बोली-अनुवाद

प्रदेश के झाबुआ जिले में अपनी तरह की खास पहल में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों और राष्ट्रीय महत्व की प्रमुख गतिविधियों का भीली बोली में अनुवाद किया जा रहा है। अब तक प्रधानमंत्री के रेडियो

कार्यक्रम मन की बात सहित विभिन्न भाषणों का भीली बोली में अनुवाद किया जा चुका है। इनमें स्कुल स्तर की पाठ्य पुस्तकें भी शामिल हैं।

झाबुआ जिला कलेक्टर सोनिया मीना ने आकाशवाणी को बताया कि 80 से अधिक शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के एपिसोड का भीली बोली में अनुवाद किया है।

इसके अलावा कक्षा पहली से पांचवी तक की हिंदी विषय और कक्षा तीसरी से पांचवी तक की पर्यावरण विषय की किताबों का अनुवाद भी किया गया है। आईआईटी, नई दिल्ली से प्राप्त 60 हजार से अधिक वाक्यों का भी भीली बोली में अनुवाद किया जा चुका है। यह कार्य निरंतर जारी है। भीली एक पश्चिमी इंडो-आर्यन बोली है जो पश्चिम-मध्य भारत में मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में भील जनजाति द्वारा इस्तेमाल की जाती है।

विश्व शौचालय दिवस

आज विश्व शौचालय दिवस पर प्रदेश में 'हमारा शौचालय हमारा सम्मान' अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 10 दिसम्बर तक आयोजित होगा। इंदौर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन ने बताया कि विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कार्यालय में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में जिले की प्रत्येक जनपद पंचायतों में सक्रिय स्वच्छताग्राही, प्रेरक, सफाई मित्र सहित स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जायेगा। पन्ना में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, साथ ही स्वच्छता कार्यकर्ताओं को पुरस्कार दिए जाएंगे।

विश्व धरोहर सप्ताह

आज से विश्व धरोहर सप्ताह की शुरुआत हो रही है। इस सप्ताह के अन्तर्गत प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन्दौर नगर में पुरातत्वीय धरोहर के प्रति जन सामान्य में रूचि के लिए विभिन्न आयोजन होंगे। उपसंचालक पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय पश्चिम क्षेत्र ने बताया कि आज राजवाड़ा स्मारक पर विरासत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का शुभांरभ वरिष्ठ इतिहासकार डॉ. एस.के. भट्ट करेंगे। यह प्रदर्शनी 24 नवम्बर तक रहेगी। व्याख्यानमाला का आयोजन केन्द्रीय संग्रहालय में 22 नवम्बर को किया गया है। पुरातत्व आयुक्त उर्मिला शुक्ला ने बताया कि विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर राज्य संरक्षित स्मारकों और संग्रहालयों में आज दर्शकों के लिये प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

मौसम

अब खबर मौसम, पहाड़ों पर हो रही बर्फवारी से प्रदेश में भी ठंड का असर बढ़ता जा रहा है। ग्वालियर में कल सीजन का पहला कोहरा देखा गया। प्रदेश में सबसे कम तापमान पचमढ़ी मे 8.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं भोपाल का न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आज भिंड, मुरैना, ग्वालियर जिलों में घने कोहरे का यलो अर्लट जारी किया है। वहीं टीकमगढ़, निवाड़ी जिलों के लिए हल्के से मध्यम कोहरे का यलो अलर्ट है। इंदौर में दिन का तापमान इस सीजन में पहली बार 30 डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ। हल्की ठण्डी हवाओं से सिहरन है, जबकि रात का तापमान भी चार दिनों से 15 डिग्री सेल्सियस के करीब है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 20 नवंबर से प्रदेश के कुछ जिलों में शीतलहर चलने की संभावना है।

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

गोवा में हिंदी सिनेमा के सबसे चर्चित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का आयोजन होने जा रहा है। हर साल नवंबर के महीने के अंत में आईएफएफआई को आयोजित किया जाता है, जिसमें देश और दुनिया की फिल्मों की स्क्रीनिंग होती है। इसकी शुरुआत 20 नवंबर को उद्घाटन फिल्म 'बेटर मैन' की स्क्रीनिंग से होगी। फेस्टिवल 28 नवंबर तक चलेगा और इस दौरान 15 फिल्मों और वेब सीरीज के गाला प्रीमियर की भी योजना है।

महाकुंभ-2025

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए तैयारिया जोरों पर है। 13 जनवरी से शुरू हो रहे इस आयोजन के लिए उत्तरप्रदेश सरकार ने सुरक्षा और आने वाले संतों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। 14 जनवरी को होने वाले पहले शाही स्नान पर लाखो श्रद्धालु संगम में स्नान करने के लिए पहुंचेंगे।

**अतिरिक्त कोच**

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की बढ़ती मांग और प्रतिक्षा सूची को कम करने के लिए कुछ रेल गाड़ियों में स्थाई रूप से अतिरिक्त कोच लगाना शुरू किया है। इसी कड़ी में भोपाल मंडल के इटारसी से गुजरने वाली पूणे-दानापुर-पूणे एक्सप्रेस में स्थाई रूप से एक एसी-3 और एक स्लीपर श्रेणी का कोच जोड़ा गया है।

**संक्षेप में .....**

- राज्य शासन ने न्यायालयीन निर्णयों के आधार पर 30 जून अथवा 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को आगामी तिथि पर वेतन वृद्धि स्वीकृत संबंधी आदेश जारी कर दिया है।
- स्कूल शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा सेवा में चयनित 17 सहायक संचालकों के पदस्थापना आदेश जारी किये हैं। इन सहायक संचालकों को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थ किया गया है।
- राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल राजभवन में प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव के वीरतापूर्ण साहसी प्रयासों के लिए सेना की 97 फील्ड रेजिमेंट को यूनिट साइटेशन पुरस्कार प्रदान किया।
- झाबुआ कलेक्टर की अध्यक्षता मे जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तीनों चरणों के तहत दिये जाने वाले ऋण की प्रगति की समीक्षा की गयी।
- खंडवा कलेक्टर ने पंचायतों में शिविर आयोजित कर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं।
- डिंडोरी कलेक्टर ने कल हाथियों के मूवमेंट से प्रभावित छत्तीसगढ़ सीमा से लगे केन्द्र बहरा ग्राम का निरीक्षण किया।
- सागर कलेक्टर ने कथित भाड़े के शिक्षकों के मामले में डीईओ ,डीपीसी, बीईओ संकुल प्राचार्य को कारण बताओं नोटिस जारी किया है वहीं तीन जन शिक्षक, पांच शिक्षकों को निलंबित कर दिया है।
- श्योपुर के शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय में कल भारतीय ज्ञान परंपरा पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

...................................